राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर

क्रमांकः–एफ.2 (क) (1)/(एस–523)/अलेसे– I/1372 दिनांकः– 22/02/2022

आदेश संख्याः 83/2021–22

श्री संदीप रावल (लिंक नं0 9399), सहायक लेखाधिकारी ग्रेड– I, कार्यालय पुलिस अधीक्षक, राजसमन्द को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान में एफ.आई.आर. संख्या 331/2018 दर्ज होने के परिणामस्वरूप विभागीय आदेश क्रमांक 826 दिनांक 14.12.2018 के द्वारा राजस्थान सिविल सेवा (सी.सी.ए.) नियमों के नियम–13 में प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजसमन्द द्वारा गिरफ्तार किये जाने की दिनांक 26.11.2018 से निलम्बित किया गया था।

श्री संदीप रावल (निलम्बित), सहायक लेखाधिकारी ग्रेड– I के संबंध मे कार्मिक (क–3) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.2(157)कार्मिक/क–3/97 दिनांक 07.07.2010 एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (अनु.3) की आज्ञा क्रमांक प.6(23)प्र.सुं./अनु/3/99 दिनांक 12.01.2011 एवं 30.06.2020 के क्रम में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो/पुलिस द्वारा पंजीबद्ध अपराधिक प्रकरणों में निलम्बित किए गए राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा के अधिकारी/कर्मचारी की निलम्बन से बहाली हेतु समीक्षा बैठक दिनांक 11.01.2022 को अपरान्ह् 04.00 बजे शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उक्त बैठक कार्यवाही विवरण क्रमांक प.2(3)वित्त/राजस्व/2014 पार्ट दिनांक 18.01.2022 के द्वारा निलम्बन से बहाली का निर्णय लिये जाने के फलस्वरूप श्री संदीप रावल, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड– I को निलम्बन से बहाल किया जाकर इनका पदस्थापन महानिरीक्षक पुलिस, उदयपुर रेंज, उदयपुर में किया जाता है।

निलम्बन अवधि का निर्णय न्यायालय निर्णय के अध्यधीन किया जावेगा।

(भूपेश माथुर)
निदेशक

क्रमांकः–एफ.2 (क) (1)/(एस–523)/अलेसे– I/1372 दिनांकः– 22/02/2022

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, राज. जयपुर को कार्यवाही विवरण क्रमांक प.2 (3)वित्त/राजस्व/2014 पार्ट दिनांक 18.01.2022 के संदर्भ में।
2. महानिरीक्षक पुलिस प्रथम, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर।
3. महानिरीक्षक पुलिस, उदयपुर रेंज, उदयपुर।
4. कोषाधिकारी, चित्तौडगढ़।
5. उप विधि परामर्शी, कार्यालय हाजा को उनके यू.ओ.नोट क्रमांक 1137 दिनांक 25.01.2022 के क्रम में।
6. श्री संदीप रावल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड– I, मुख्यालय कोषालय, चित्तौडगढ़।
7. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
8. निजी पत्रावली/गार्ड फाईल।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)